DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट
लॉटरी समर्थित प्री-किंडरगार्टन
अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

<u>प्री-लॉटरी</u>

प्री-के में भर्ती होने के लिए छात्र की आयु क्या होनी चाहिए?

2020-2021 स्कूल वर्ष के योग्य होने के लिए, आपके बच्चे की जन्मतिथि निम्नलिखित तिथियां या उनके बीच होनी चाहिए: 2 सितंबर 2015 – 1 सितंबर 2016.

यदि मेरा बच्चा DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) के उपस्थिती क्षेत्र से बाहर रहता है, तो क्या वह प्री-के कार्यक्रम में भाग लेने के योग्य है?

नहीं। यदि आपका गृह पता DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट के क्षेत्र में नहीं आता है, तो आप भाग लेने के योग्य नहीं हैं। DCSD के क्षेत्र में अपने पते को लेकर अनिश्चितता होने पर, जांच के लिए यहां जाएं: http://www.dekalbschoolsga.net/operations/school-locator/

क्या मुझे एक से अधिक स्कूल में आवेदन करने की अनुमति है?

नहीं। आप, यदि लागू हो, तो या तो किसी थीम स्कूल के लिए या अपने गृह स्कूल के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। यदि आप किसी थीम स्कूल में पंजीकरण कराना चाहते हैं लेकिन उसमें चयन नहीं होता, तो आपको स्वतः ही प्रतीक्षा सूची में रख दिया जाएगा। स्कूल के पहले सप्ताह के बाद, यदि आपके गृह स्कूल में खाली स्थान है, तो आप अपने गृह स्कूल में सीट के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

मेरा बच्चा किंडरगार्टन के योग्य है, लेकिन उसने राज्य द्वारा वित्त-पोषित प्री-के कार्यक्रम में भाग नहीं लिया, ऐसी स्थिति में क्या वह तब भी प्री-के में भर्ती होने के योग्य होगा?

एक प्री-किंडरगार्टन छात्र के रूप में 2020-2021 स्कूल वर्ष के योग्य होने के लिए आपके बच्चे के पास व्यक्तिगत शिक्षा योजना (Individualized Education Plan (IEP)) होनी चाहिए जो कि एक समावेशी (सह-पाठ) प्री-के कक्षा में उनके किंडरगार्टन वर्ष बिताने की आवश्यकता की पहचान करती हो।

प्री-के में भर्ती होने के लिए क्या मेरा बच्चा पॉटी के लिए प्रशिक्षित होना चाहिए?

आपके बच्चे से अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी सहायता से जुड़े कार्य जैसे कि कपड़े पहनना, कपड़े उतारना और शौचालय जाना, स्वयं करने में समर्थ हो। प्री-के में भर्ती होने से पहले बच्चे पॉटी के लिए प्रशिक्षित होने चाहिए। ऐसी किसी भी घटना के लिए माता-पिता को जानकारी दी जाएगी और उन्हें अपने बच्चे की सफाई के लिए स्कूल आना होगा। छात्र डायपर पहन कर स्कूल नहीं जाएंगे जब तक कि व्यक्तिगत शिक्षा योजना (Individualized Education Plan (IEP)) या 504 योजना में ऐसा करने के लिए नहीं कहा जाता और बच्चा सहयोगात्मक कक्षा में हो, ताकि विशेष आवश्यकता शिक्षक/सहायक द्वारा उसकी सहायता की जा सके।

एक DCSD कर्मचारी होने के नाते क्या मेरा प्री-के लॉटरी में स्वतः नामांकन किया जाएगा?

नहीं। एक DCSD कर्मचारी के रूप में आप लॉटरी की उसी प्रक्रिया से गुज़रेंगे जो सभी के लिए लागू होगी। हालांकि, प्री-के लॉटरी में प्रवेश करने से पहले कर्मचारियों को विशिष्ट शर्तें पूरी करनी होंगी। *DeKalb*

प्री-के लॉटरी कर्मचारी भागीदारी ज्ञापनके लिए कृपया अपने स्कूल प्रिंसिपल या अर्ली चाइल्डहुड ऑफिस से संपर्क करें।

मेरे बच्चे के पास IEP है और वह वर्तमान में DCSD में भर्ती नहीं है। लॉटरी में चुने जाने पर क्या वह मेरे गृह स्कूल में रहेगा?

यदि मौजूदा व्यक्तिगत शिक्षा योजना (Individualized Education Plan (IEP)) वाले आवेदक का चयन ब्राइट फ्रॉम द स्टार्ट (BFTS) सामान्य शिक्षा प्री-के कक्षा में शामिल होने के लिए होता है, तो आवेदक को छात्र की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर BFTS समावेश कक्षा में संभवतः भेजा जा सकता है। ध्यान दें**:** थीम स्कूलों में BFTS समावेश कक्षाएं शामिल नहीं होती हैं

मेरे तीन वर्षीय बच्चे के पास मौजूदा IEP है और वह पहले से ही *DCSD* असाधारण आवश्यकताएं कक्षा में भर्ती है, क्या मुझे प्री-के में पंजीकरण करना चाहिए?

नहीं। यदि आपके बच्चे के पास मौजूदा IEP है और वर्तमान में वह तीन वर्ष की आयु के बच्चों की कक्षा में भर्ती है तो उसे उसकी IEP के आधार पर प्री-के कक्षा में भर्ती किया जाएगा।

प्री-के लॉटरी के लिए आवेदन देने वास्ते छात्र को किन दस्तावेज़ों की आवश्यकता है?

जन्म का सबूत, कानूनी अभिभावकता का सबूत (यदि माता-पिता/अभिभावक का नाम जन्म प्रमाणपत्र में शामिल नहीं है), माता-पिता/अभिभावक की पहचान का सबूत, और आवास का सबूत। विस्तृत जानकारी के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज़ों की विस्तृत सूची को निम्नलिखित लिंक https://www.dekalbschoolsga.org/pre-k/ पर "लॉटरी प्रोसेस" टैब को क्लिक कर पाया जा सकता है

<u>लॉटरी के उपरांत</u>

मेरे बच्चे का चयन लॉटरी में हुआ था, अब आगे मुझे क्या करना चाहिए?

अगले चरण में आपको सीट को स्वीकार करना है और अपने पंजीकरण को पूरा करने की निर्धारित तिथि पर अपने स्कूल में पंजीकरण के शेष दस्तावेज़ों के साथ आपको प्राप्त स्वीकृति पत्र ले कर जाना है। निर्धारित समयसीमा के भीतर इस अगले चरण को पूरा करना महत्वपूर्ण है नहीं तो प्रतीक्षा सूची में अगले व्यक्ति को सीट आवंटित कर दी जाएगी।

यदि मेरा बच्चा लॉटरी में नहीं चुना जाता तो क्या होगा?

कोई भी छात्र जिसका चयन लॉटरी सीट के लिए नहीं होता स्वतः ही प्रतीक्षा सूची में डाल दिया जाएगा। प्रणाली छात्रों को प्रतीक्षा सूची में संख्या अनुसार क्रमबद्ध करती है और माता-पिता को प्रतीक्षा सूची में उनके स्थान की सूचना देने के लिए एक पत्र तैयार किया जाता है। सीट अस्वीकार करने या त्यागने पर, प्रणाली प्रतीक्षा सूची में अगले व्यक्ति के लिए स्वीकृति पत्र तैयार करती है। उस समय, अपनी लॉटरी सीट को सुरक्षित बनाने के लिए आपको अगले चरण पूरे करने होंगे।

स्वीकृति पत्र पर बताई पंजीकरण तिथि तक स्वास्थ्य टीकाकरण फॉर्म 3231 प्रदान नहीं करने पर क्या होगा?

DCSD नीति के तहत बच्चे द्वारा स्कूल शुरू करने या समापन तिथि से 30 दिन के भीतर उसके पास स्वास्थ्य टीकाकरण फॉर्म 3231 होना चाहिए। अगर इसे जमा नहीं कराया गया तो बच्चा फॉर्म या

नियुक्ति के प्रमाण के बिना स्कूल नहीं आ पाएगा। बिना अपडेट फॉर्म के नियुक्ति के बाद बच्चा वापस नहीं लौट पाएगा। यदि इस फॉर्म को प्रदान नहीं करने के कारण बच्चा लगातार 10 दिन अनुपस्थित रहता है तो प्री-के में बच्चे की सीट को वापस अधिकार में ले लिया जाएगा।

स्वीकृति पत्र पर बताई पंजीकरण तिथि तक स्वास्थ्य टीकाकरण फॉर्म 3300 प्रदान नहीं करने पर क्या होगा?

DCSD नीति के तहत बच्चे द्वारा स्कूल शुरू करने या समापन तिथि से 90 दिन के भीतर उसके पास स्वास्थ्य टीकाकरण फॉर्म 3231 होना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर, बच्चा कक्षा में वापस लौट नहीं पाएगा जिसके कारण बच्चा कार्यक्रम में अपना स्थान खो सकता है।

यदि मेरा बच्चा दिन में नियत दवाएं लेता है तो उस स्थिति में क्या होगा?

अपने बच्चे का पंजीकरण प्री-के सीट में कराने पर, अपने साथ दवाओं की जानकारी अवश्य लाएं। स्कूल में आप से मेडिकल फॉर्म्स और नियत दवाएं देने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेने के लिए कोई ना कोई अवश्य मौजूद रहेगा।

यदि मेरा बच्चा स्कूल के पहले दिन उपस्थित नहीं रहता तो उस स्थिति में क्या होगा?

लॉटरी द्वारा चुने गए सभी छात्रों के लिए स्कूल के पहले दिन उपस्थित रहते हुए सम्मिलित होने की अपेक्षा की जाती है। यदि बच्चा स्कूल के पहले दिन सुबह 10:00 बजे तक उपस्थित नहीं रहता है, तो सीट को वापस अधिकार में ले लिया जाएगा और उसे प्रतीक्षा सूची में अगले व्यक्ति को दे दिया जाएगा।

क्या प्री-के छात्रों के लिए कोई उपस्थिति नीति है?

हां, छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे संपूर्ण स्कूल वर्ष के दौरान पूर्ण अनुदेशात्मक दिवस के लिए उपस्थित रहें। वे बच्चे जो कक्षा में अनुपस्थित रहते हैं या बिना चिकित्सा क्षमा याचना के लगातार दस दिन देर से आते हैं, उन्हें राज्य के दिशानिर्देशों के अनुसार हटा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, वे छात्र जो आदतन देर से आते हों या समय से पहले जाते हों उन्हें अपनी सीट छोड़नी पड़ सकती है और उन्हें परामर्शदाता और/या सामाजिक कार्यकर्ता के पास भेजा जा सकता है।

क्या प्री-के छात्रों को भागीदारी से संबंधित आवश्यकताएं पूरी करनी हैं?

हां, माता-पिता से अपेक्षा की जाती है कि वे वर्ष में कम से कम दो बार और आवश्यकता पड़ने पर उससे अधिक बार सभी निर्धारित माता-पिता बैठकों और माता-पिता सम्मेलन में भाग लें। (इन गतिविधियों में लगभग एक घंटे का समय लगेगा)।

यदि अकसर पूछे जाने वाले प्रश्नों में मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया हो तो उस स्थिति में क्या होगा?

अर्ली चाइल्डहुड ऑफिस से 678.676.0147 पर बिना झिझक संपर्क करें